अमित खरे, भा.प्र.से.
सचिव

AMIT KHARE, IAS
Secretary
Tel. : 011-23382587, 23381104
Fax : 011-23387859
E-mail : secy.sel@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
Government of India
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
Ministry of Human Resource Development
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
Department of School Education & Literacy
124 'सी' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110 001
124 'C' Wing, Shastri Bhawan, New Delhi-110 001

डी ० ओ० नं० 15-2/2020- आई एस 4

07th फरवरी, 2020

यूनेस्को ने हर साल 21 फरवरी को "अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस" के रूप में मनाने की घोषणा की है जिससे मातृभाषाओं के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया जा सके तथा विश्व में भाषायी एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़े और समझ, सहिष्णुता और संवाद के आधार पर एकजुटता को प्रेरित किया जा सके।

2. मातृभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए आगामी 21.2.2020 को मातृभाषा दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। यह एक उत्सव के रूप में देश भर के स्कूलों और राज्य / जिला स्तर पर निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ मनाया जा सकता है:

- हमारे देश की भाषाई विविधता पर प्रकाश डालना
- न केवल संबंधित मातृभाषा बल्कि अन्य भारतीय भाषाओं के प्रयोग को भी प्रोत्साहित करना
- भारत में संस्कृतियों की विविधता, साहित्य, शिल्प, कला- प्रदर्शन, आलेखन एवं अन्य रचनात्मक अभिव्यक्ति के अन्य रूपों को समझना और ध्यान आकर्षित करना
- अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त, अन्य भाषाओं को सीखने के लिये प्रोत्साहित करना

3. मातृभाषा दिवस पर आयोजित की जाने वाली प्रस्तावित गतिविधियों की सूची संलग्न है। यदि परीक्षा आदि के कारण स्कूल और शिक्षण संस्थान 21.02.2020 को बंद हैं, तब उन्हें 20.02.2020 को मातृभाषा दिवस मनाने की सलाह दी सकती है ।

4. मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि उपरोक्त गतिविधियों को आयोजित करने तथा मातृभाषा दिवस के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अपने अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों को मातृभाषा दिवस मनाने के लिए प्रोत्साहित करें।

भवदीय

ह./-

(अमित खरे)

सेवा में,
सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव

प्रतिलिपि:

1. अध्यक्ष, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
2. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन
3. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति
4. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन (सी टी एस ए)
5. अध्यक्ष, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एन आई ओ एस)

7.2.2020
(अमित खरे)

संलग्नक

प्रस्तावित गतिविधियों की सूची

- मातृभाषा में संविधान की प्रस्तावना पढ़ना
- समूह / लोक गीत
- निबंध प्रतियोगिता
- चर्चा (डिबेट)
- डिस्प्ले बोर्ड, पोस्टर आदि के माध्यम से भारतीय भाषाओं पर प्रदर्शनी।
- भारतीय भाषा की विरासत पर सामान्य ज्ञान (जी.के.) प्रतियोगिता
- कोई अन्य गतिविधियाँ।